बरसाने आया बनवारी होली खेले राधा प्यारी

बरसाने आया बनवारी होली खेले राधा प्यारी,
बरसाने आए बनवारी बरसाने आए बनवारी...........

आज ब्रिज में ओ रंग रसिया,
सखिया है मेरी सारी होली खेले राधा प्यारी,
बरसाने आया बनवारी होली खेले राधा प्यारी......

तोहे पिटेगे लट्ठम लट्ठा जी,
कान्हा भागोगे गिरधारी होली खेले राधा प्यारी,
बरसाने आया बनवारी होली खेले राधा प्यारी.........

कान्हा किसके काबू आते,
वो खुद बड़े ख़िलाड़ी होली खेले राधा प्यारी,
बरसाने आया बनवारी होली खेले राधा प्यारी.........

कोई ग्वालन रंग लाए जी,
और कोई मारे पिचकारी होली खेले राधा प्यारी,
बरसाने आया बनवारी होली खेले राधा प्यारी.........

बीच चौराहे मची है हुडदंग,
भीड़ बड़ी है भारी होली खेले राधा प्यारी,
बरसाने आया बनवारी होली खेले राधा प्यारी.........

पकड़ो पकड़ो नन्द का लल्ला,
पड़ रही है किलकारी होली खेले राधा प्यारी,
बरसाने आया बनवारी होली खेले राधा प्यारी.........

रंगों में सराबोर करेगे,
नही चलने दे हुशियारी होली खेले राधा प्यारी,
बरसाने आया बनवारी होली खेले राधा प्यारी.........

खूब कमल सिंह फागुन आयो,
बड़ो अछो फसो मुरारी होली खेले राधा प्यारी,
बरसाने आया बनवारी होली खेले राधा प्यारी.........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30957/title/barsane-aaya-banwari-holi-khele-radha-pyari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |